**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने दी होली पर्व की शुभकामनाएँ



**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिलेवासियों को रंगों के त्यौहार होली की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने संदेश में कहा है कि रंगों का पर्व होली हमें अपनी विभिन्न रंगों से भरी विविधतापूर्ण संस्कृति पर गर्व करने का अवसर देता है। डॉ. सिडाना ने जिलेवासियों से होली का पर्व सामाजिक सद्भाव के माहौल में मनाने का आग्रह किया है।

## बिछिया थाना में शांति समिति की बैठक



**भुआबिछिया।** पुलिस थाना बिछिया में शनिवार को एसडीओपी आसीफ इकबाल एवं नगर निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धुर्वे ने होली के पंच दिवसीय आयोजन, रामनवमीं, चैंटीचंड पर्व, रमज़ान एवं ईद आदि पर्व को दृष्टिगत शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बीच आयोजित पर्वो का आचार संहिता का पालन करते हुए शांति पूर्वक आयोजन की अपील की। नागरिकों ने भी शांति कायम रखने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग के साथ सुझाव दिए। इस अवसर पर दोनों धर्मावलंबी के साथ नगर के गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 26 मार्च का स्थानीय अवकाश हुआ निरस्त

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य के मद्देनजर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा पूर्व में घोषित 26 मार्च 2024 के स्थानीय अवकाश को निरस्त कर दिया है। उक्त अवकाश के स्थान पर 11 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को दुर्गा महाष्टमी, दुर्गा नवमी का अवकाश घोषित किया गया है।

## नवाचारों के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जिले में सभी विकासखण्ड क्षेत्रों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## उद्‌गम स्थल को किया संरक्षित, करेंगे वृहद वृक्षारोपण

# नांदिया नाला को नदी बनाने प्रयास

*** बरसात के मौसम के पानी को संरक्षित रखने होगा प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मण्डला जिले के 12 मासी नाले जिनमें कि पूरे वर्षभर पहले के समय में पानी रहा करता था लेकिन पिछले 20 वर्षो से विकास के नाम पर इस जिले की जो दुर्दशा की गई उसी का परिणाम है कि अब इन नालों में अधिकतम 2 से 4 माह ही पानी होता है। जबकि इन्हीं नालों और सहायक नदियों के सहारे ही माँ नर्मदा का जल स्तर सुरक्षित एवं संरक्षित रहा है। स्टापडेम निर्माण के नाम पर 1-1 नालों में 6 से 7 स्टापडेम बनाकर अधिकारियों चांदी तो खूब काटी लेकिन जल स्तर को गर्त में जाने दिया। अब समाजसेवी इस दुर्दशा को सहेजने का प्रयास कर रहे हैं और इन नालों एवं सहायक नदियों को पुर्नजीवित करने के काम में लगे हुये हैं। इसी कड़ी में नांदिया नाला जिसे पहले के जमाने में नांदिया नदी कहा जाता है उसे संरक्षित करने का कार्य प्रारंभ किया गया है इसके उद्‌गम स्थल को सहेजा एवं संवारा जा रहा है। इस नाले के दोनों और वृक्षारोपण करने की योजना है जिससे जल स्तर को कायम रखा जा सके।

मण्डला के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता गजेन्द्र गुप्ता सुरक्षित, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता के अधिकार को मानवाधिकार के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार्य बनाने के लिए तीन दशक से कार्य कर रहे हैं। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने सुरक्षित, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता के अधिकार को मानवाधिकार के रूप में मान्यता दी है।

देश भर में सिविल सोसायटी के लोग जल से संबंधित विभिन्न आयामों पर कार्य कर रहे हैं, इन संस्थाओं के पास समग्र दृष्टिकोण न होने से इनके कार्य का प्रभाव सीमित हो जाता था। गजेन्द्र ने इस कमी को दूर करने के लिए एक दृष्टि पत्र तैयार किया जिसे इस वर्ष विश्व जल दिवस पर आयोजित जल संसद में दस सूत्रीय रेजोल्यूशन के रूप में सिविल सोसायटी ने अंगीकृत किया है।



जल संसद में पास किए गए रेजोल्यूशन को जल संरक्षण एवं जल स्त्रोत संरक्षण के लिए केन्द्र सरकार और म.प्र. सरकार को प्रेषित किया जाएगा। देश भर के सिविल सोसायटी ने इस दस सूत्रीय रेजोल्यूशन के क्रियान्वयन के लिए सहमति जताई है।

गजेन्द्र नर्मदा समग्र न्यास के महाकोशल भाग टोली के सदस्य हैं। नर्मदा समग्र न्यास सम्पूर्ण नर्मदा जल ग्रहण क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए कार्य करती है।

गजेन्द्र ने संगम घाट महाराजपुर में घाट टोली के सहयोग से हरियाली चुनरी के नाम से वृक्षारोपण किया है।रोपित पौधे की उत्तरजीविता शतप्रतिशत है।

नर्मदा की सहायक नदी बंजर में मिलने वाले नांदिया नाला को बारहमासी बनाने के लिए गजेन्द्र ने पहले चरण में नाला के उद्गम को सुरक्षित रखने के लिए सफल अभियान चलाया था। दूसरे चरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जा रही है इस चरण का मुख्य उद्देश्य नांदिया नाला को नांदिया नदी में परिवर्तित करने का है।

### जल संसद में पारित रेजोल्यूशन

विद्यालयों और महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में जल संरक्षण के सैद्धांतिक और प्रायोगिक घटकों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। जल संरक्षण के विभिन्न आयामों पर समुदाय के लिए सघन जल साक्षरता अभियान संचालित किया जाए। समाज में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए जन जागरण अभियान प्रारंभ किया जाए। सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। ग्रे वाटर मैनेजमेंट पर समुदाय को शिक्षित करना। ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तकनीक के लोकव्यापीकरण के लिए अभियान प्रारंभ करना और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना। पारंपरिक जल स्त्रोत के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्ययोजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन करना। भू-जल के अंधाधुंध दोहन पर प्रभावी रोक लगाना। लघु जल स्त्रोत, तालाब एवं नदियों का संरक्षण एवं पुर्नजीवन को सुनिश्चित करना । रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग को शतप्रतिशत सुनिश्चित करना। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रभावी कार्य करना। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए प्रचलित कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए शासन द्वारा बनाए जाने वाले नीतियों के निर्माण में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना।

## मोतीनाला पुलिस ने दो आरोपियों से लगभग 90 किलों गांजा किया जप्त



*** आरोपियों को गिरफ्तार कर गांजा के परिवहन में प्रयुक्त टीयूवी वाहन भी पुलिस ने किया जब्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

थाना मोतीनाला पुलिस को मुखबिरों की सूचना पर थाना मोतीनाला के थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय द्वारा तत्काल थाना मोतीनाला पुलिस टीम जिसमें उप निरीक्षक मनोज मांगरे, सहायक उप निरीक्षक रविंद्र नेताम, आरक्षक राहुल पटले, मुकेश लिल्हारे के साथ मुखबिर के बताये गये हुलिया के गाड़ी हेतु पुलिस चैकिंग लगाई गयी। चैकिंग के दौरान चिल्फी रायपुर रोड एनएच 30 से मोतीनाला की ओर एक सफेद रंग की महिंद्रा TUV300 कार तेज रफ्तार में आते हुए दिखी वाहन चालक द्वारा पुलिस को देखकर गाड़ी मोड़ने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर एसएसटी चैकिंग पाईंट के सामने लगे स्टॉपर की सहायता से रोका गया। कार चलाने वाले व्यक्ति का नाम पता पूछा गया जिसने अपना नाम सत्यनारायण पिता प्रभु दयाल शुक्ला उम्र 28 वर्ष निवासी के खेसाहन थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर व गाड़ी में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम जुगराज पिता राम अवतार गुप्ता उम्र 54 वर्ष निवासी चकई टोली पैना खुर्द,थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले बताएं जिन्हें मुखबिर के पंचनामा से अवगत कराते हुए कार की तलाशी मौके पर उपस्थित गवाहों के सामने ली गई कार की सीट के नीचे एवं पीछे तरफ सेलो टेप से चिपका कर बनाए गए 25 नग छोटे पैकेट 6 नग बड़े पैकेट कुल 31 पैकेट मिले कार के अंदर मिले हुए 31 नग पैकेटों को समक्ष गवाहों के एनडीपीएस के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए खोलकर देखा गया जिसमें मादक पदार्थ गांजा पाया गया उपरोक्त मादक पदार्थ गांजा का वजन मौके पर तौला गया 89 किलो 760 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 900000 (नौ लाख रुपए) के लगभग का छुपा कर ले जाते हुए पाए गए आरोपियों के कब्जे से 89 किलो 760 ग्राम गांजा जप्त किए गए हैं। उक्त आरोपियों द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उपरोक्त मादक पदार्थ अवैध रूप से उड़ीसा से टीयूवी कार क्रमांक UP33BC4856 में रखकर फतेहपुर उत्तर प्रदेश ले जाना बताया। आरोपियों ने अन्य आरोपी का नाम भी बताया जिसनें उक्त आरोपियों को मादक पदार्थ गांजा लेने हेतु किराए की TUV300 कार UP33BC4856 देकर उड़ीसा भेजा था। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना मोतीनाला पुलिस द्वारा गांजा की तस्करी में प्रयुक्त वाहन जप्त किया जाकर उक्त दोनों व एक अन्य आरोपी के विरुद्ध थाना मोतीनाला में धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। आज दिनांक 23.03.2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामलें में एक अन्य आरोपी फतेहपुर निवासी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रहीं हैं।

# नियत तिथि से पहले किया होलिका दहन

*** लोगों में रहा उत्साह, आज धनगांव में बरसेगा रंग, गुलाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में एक अनोखा गांव धनगांव विकासखंड मंडला और निवास के बीच करीब 40 किमी पर है। यह ग्राम धनगांव विकासखंड मोहगांव के सबसे अंतिम छोर में बसा है, जो मंडला और निवास के बीच में है। यहां कई वर्षो से चली आ रही एक अनोखी परंपरा है। जिसका निर्वाहन यहां के ग्रामीण कर रहे है। वर्ष के मुख्य तीन त्यौहार होली, दीवाली और हरियाली अमावस्या में यहां नियत तिथि के एक दिन पहले ही त्यौहार मना लिया जाता है। ग्राम धनगांव में शनिवार को ही होलिका दहन कर रंगो के पर्व की शुरूआत की। करीब एक हजार की आबादी वाले ग्राम धनगांव में हर व्यक्ति रंग, गुलाल की लाली में होली पर्व की एक दूसरों को शुभकामनाएं दी।

जानकारी अनुसार होलिका दहन से आठ दिन पहले तक के काल को होलाष्टक माना जाता है। होलाष्टक 17 मार्च से प्रारंभ हुआ, जो 24 मार्च तक चलेगा। आज सभी स्थानों में होलिका दहन किया जाएगा। इसी तारतम्य में जब रविवार को पूरा जिला और देश होलिका दहन की तैयारी करेंगा, और शाम होते ही जगह-जगह स्थापित होलिका की प्रतिमा का दहन किया जाएगा। लेकिन यह सब धनगांव में 23 मार्च शनिवार की रात्रि ही होलिका दहन किया गया। इस गांव में प्रमुख त्योहारों की खुशियां एक दिन पहले ही मना ली जाती है। स्थानीय लोगों की धारणा है कि ऐसा ना करें तो गांव में विपत्ति आ जाएगी।

ज्ञात हो कि देश भर में जहां 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा और 25 मार्च को पूरा देश रंगो से सराबोर होगा। वहीं ग्राम धनगांव में एक दिन पहले 23 मार्च को ही तय तिथि से एक दिन पहले ही होलिका दहन कर लिया गया और 24 मार्च को पूरा गांव रंगो के पर्व को धूमधाम से मनाएगा। सिर्फ इसी साल ही नहीं बल्कि प्रतिवर्ष होली के एक दिन पहले ही होली मना ली जाती है। इसके पीछे ग्रामीणों की अपनी परंपरा और मान्यता है। यहां एक साथ मिलकर ग्रामीण पूजा करते हैं। होलिका दहन कर एक दूसरों को गुलाल लगाते है। इसके साथ ही सारा गांव मिलकर अपना आदिवासी नृत्य सैला कर खुशियां बांटते हैं।

## वीडियोग्राफर तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग का प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत वीडियोग्राफर तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग से संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण जिला योजना भवन में आयोजित किया गया जिसमें 85 वर्ष के ऊपर के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ देने और निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र व डाकमत पत्र के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में गलतियों के लिए कोई स्थान नहीं है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित उपस्थित रहे।

जिला योजना भवन में संपन्न हुए प्रशिक्षण में कुशल प्रशिक्षक डॉ. टीपी मिश्रा एवं डॉ. श्रीकांत श्रीवास्तव द्वारा पावरप्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से वीडियोग्राफर तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग संबंध में मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

**होलिका दहन** | **वैदिक परिवार मंडला का सफलतम 9वां वर्ष**

# 5000 कन्डो से किया जाएगा होलिका दहन

*** वैदिक संस्कृति के अनुसार होगा होलिका दहन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वैदिक परिवार मण्डला द्वारा सन 2016 से लगातार प्रतिवर्ष विशाल होलिका दहन समारोह एवं संगीत निशा का आयोजन किया जा रहा है बीच में कोरोना काल के 2 वर्षों को यदि छोड़ दें तो बाकी सभी वर्षों में संगीत निशा का आयोजन भी लगातार जारी है वैदिक परिवार मंडला का मुख्य उद्देश हमारे बच्चों को हमारे संस्कारों से जोड़ना था साथ ही होलिका दहन को लेकर जो भ्रांतियां प्रचलित थी उन्हें दूर करना भी समिति ने एक लक्ष्य बना लिया है वैदिक परिवार द्वारा किए जा रहे इस होलिका दहन में दहन पूर्णतः गोबर के उपलों (कंडो) द्वारा किया जाता है इस दहन में लगभक 3000 से 5000 उपलों का उपयोग किया जाता है, वैदिक परिवार मण्डला के इस आयोजन ने 9 वे वर्ष में सफलता पूर्वक प्रवेश कर लिया है। जिसमे शहर वासियों के विशेष सहयोग रहता है।

वैदिक परिवार मंडला द्वारा होलिका दहन का आयोजन प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी किया गया जिसमे विशाल होलिका दहन समारोह अग्रसेन चौक तहसील तिराहा मण्डला में आयोजित किया जाएगा। 24 मार्च दिन रविवार सुबह 9 बजे होलिका की प्रतिमा स्थापति की जाएगी। 24 मार्च को शाम 8 बजे होलिका दहन किया जाएगा, होलिका दहन गोबर के कंडो से किया जाएगा। आयोजन समिति का मुख्य उद्देश हमारी वैदिक परम्पराओ को जीवित रखना है, इस आयोजन में होलिका दहन पूर्णत वैदिक रीती रिवाजों से किया जाता है, रात्रि 8 पंडित द्वारा वैदिक मन्त्र उच्चारण, पूजन प्रसाद अर्पण कर होलिका दहन कराया जाएगा। होलिका दहन के दौरान जागरूकता सन्देश भी दिए जाएंगे। प्रस्सन सराफ ने बताया कि दहन में मुख्य रूप से गोबर के कन्डो, कपूर, इलायची, हवन सामग्री, देशी घी का उपयोग किया गया 5000 कन्डो से होलिका दहन किया जाता है। हमारी कोशिश रहती है कि पूर्णतः वैदिक रीति रिवाजों से होलिका दहन किया जाए।

वैदिक परिवार से कपिल वर्मा ने बताया कि हमारे जिले में होली पर्व में बच्चो का उत्साह काफी कम देखने मिलता था साथ ही हमारी नई पीढ़ी को हमारे सनातनी वैदिक रीति रिवाजों का ज्ञान भी न के बराबर था इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए नर्मदा जनकल्याण समिति के निरीक्षण में वैदिक परिवार मण्डला का गठन किया गया जिसके तत्वावधान में सन 2016 से लगातार वैदिक रीति रिवाजों से प्रतिवर्ष होलिका दहन किया जा रहा है। जिसमे आज शहर के बड़े बूढ़े बच्चे मातृ शक्ति आदि सभी अपना योगदान दे रहे है।

समिति सदस्य आनंद चौरसिया का कहना है कि समिति का मुख्य प्रयास आज की नई पीढ़ी को हमारे संस्कारो से जोड़ना है जिसमे वैदिक परिवार मण्डला प्रयासरत है और काफी हद तक हमे सफलता भी मिली है। समिति सदस्य रूपेश इसरानी ने बताया कि आयोजन की शुरुआत में कुछ दिक्कतें तो आयी पर अब सब शहर वासियों की उपस्थिति में निर्विघ्न सम्पन्न हो रहा है। समिति का एकमात्र उद्देश्य हमारे सनातन वैदिक रीति रिवाजों को रक्षा करना है। साथ ही नई पीढ़ी को होलिका दहन के महत्त्व से भी परिचित कराना है।

यह दहन 8 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 10:30 बजे तक चलता है जिसमे लगतार शहर के नागरिको ने दहन स्थल की परिक्रमा की साथ ही समिति द्वारा नज़र उतरने के सामग्री चोकर, लाल मिर्च की भी व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग का विशेष सहयोग रहता है। आयोजक समिति वैदिक परिवार मण्डला द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए आप सभी नगरवासियों की उपस्थिति के लिए अपील की गई है।

## मण्डला पुलिस के थाना चौकियों में त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न

*** एसडीओपी मंडला ने कंट्रोल रूम मंडला में विभिन्न आयोजकों, डीजे व शांति समिति के सदस्यों के साथ की बैठक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला पुलिस द्वारा जिला मण्डला के विभिन्न थाना चौकियों में शांति समितियां की बैठक ली गई जिसमें समितियां के सदस्य गणमान्य नागरिक एवं आयोजक शामिल रहें। पुलिस द्वारा उपस्थित नागरिकों से आचार संहिता के दौरान सभी त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की गई। साथ ही विभिन्न आयोजन के संबंध चुनाव आयोग तथा जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में अवगत कराते हुए नियमों का पालन करने हेतु निर्देश दिये गयें।

### एसडीओपी मंडला ने कंट्रोल रूम में ली बैठक

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडल द्वारा आज कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक ली गई। जिसमें सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारे से मनाने की अपील करते हुए उपस्थित डीजे संचालक एवं विभिन्न कार्यक्रम के आयोजकों को भी एसडीओपी द्वारा त्यौहार के दौरान होने वाले आयोजन के दौरान लोकसभा चुनाव 2024 आचार सहिंता का शतप्रतिशत पालन एवं समयावधि का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देश दिये गयें। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान द्वारा आयोजन के संबंध में प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गयी।



## खबर संक्षेप

### सड़क से निकल रहे ट्रक में अचानक आग लगने से फैली दहशत

**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम पिठहरा यानि की गाडरवारा पिपरिया मार्ग से जा रही एक ट्रक में जब अचानक आग लगी तो देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। वही दूसरी ओर ट्रक के चालक द्वारा ऊपर से कूंदकर अपनी जान बचाने में सफल हो गया था। इस तरह आग की लपटों से सराबोर हो रहे ट्रक को देखने के लिये मौके पर लोगो भी भीड लग गई थी। वही मुख्य मार्ग पर आग से घिरे हुये ट्रक के चलते काफी समय तक इस मार्ग पर वाहनों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी गई। वही दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने पर गाडरवारा नगर पालिका प्रशासन द्वारा आग पर काबू पाने के लिये भेजी गई अपनी फायर विग्रेड के माध्यम से आग पर काबू पाने में सफलता प्राप्त की गई। बताया जाता है कि ट्रक के अंदर गन्ना खोई भरी हुई थी। मगर आग कैसे लगी इस बात कोई पता नही चल पा रहा है।

### योजनाओं से वंचित है कृषक, अधिकारी नहीं देते है ध्यान?

**सिंहपुर छोटा।** वैसे देखा जावे तो सरकारों ने कृषकों के लिए अनेक लाभ कारी योजानायें तैयार की है और कृषकों के हित ओर संरक्षण का दावा समय समय पर किया जाता है, लेकिन यह एक सोचनीय पहेलू है कि इन योजनाओ का लाभ कृषको तक कैसे पहुंचता है? ऐसा लगता है कि कृषको के हित संरक्षण हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता बढ़ती जा रही? ज्ञातव्य है कि सरकार ने कृषको की सहायता मार्ग दर्शन तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए उन्नत तकनीको से अवगत कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग बनाया है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में कृषकों को विभाग द्वारा जानकारी सुलभ नही कराई जा रही है। जिससे समसमायिक जानकारी कृषकों को नही मिलती है, कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को नही मिल पा रहा है? जिससे उनकी कृषि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, क्षेत्र के कुछ रोषित कृषको ने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ साधन सम्पन्न कृषकों को दिया जाता है, जिससे गरीब कृषक शासन की योजनाओं से वंचित रह जातें है, पूर्व में भी अनेको बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियो को ध्यान कृषि विभाग के अधिकारियों की मनमानी कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित किया गया था, जिस पर कुछ दिन तो विभागीय अधिकारी चोकन्ने हुए, किन्तु धीरे धीरे पुनः उसी चाल में आ गये है, उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आकाशवाणी केन्द्रों से ग्राम सभा कार्यक्रम में कृषि से संबंधित जानकारिया ग्रामीणजनो को दी जा रही है, जिसमें इन जानकारियों में सिंचित गेंहू की अधिक पैदावार लेने से गुड, फसल बीमा, जैविक फसल व रबी फसलो का कीटों से बचाव गोबर गैस आदि विषयों की सूक्ष्म जानकारी दी जाती है। गौरतलब है कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की नियुक्ति ग्रामीण कृषि विस्तार अंचलों में हुई है, परंतु यदि गणना की जाये तो पता चलता है कि अधिकतर अधिकारी अपने मुख्यालय को छोड़ समीपस्थ कस्बो व नगरों में निवास कर रहे है, जिससे विभागीय अधिकारी भी परिचित है पर बिल्ली के गले में घंडी कौन बांधें?

### दूषित फल, सब्जियों से फैल सकती है बीमारियां

**गाडरवारा।** वर्तमान में चल रहे कोरोना वायरस के साथ साथ मौसम के मिजाज में परिवर्तन आने की वजह से मलेरिया, वायरल फीवर, जोड़ो मे दर्द की बीमारियों की चपेट में शहरवासी आ रहे है, बावजूद इसके शहर की सफाई व्यवस्था की स्थिति जहां गड़ बड़ नजर आ रही है, वही बाजार में धड़ल्ले से दूषित फल और सब्जियां भी बेची जा रही है? बताया जाता है इस मौसूम अनुकूल न होने से आसपास के गांवों मे सब्जियो का उत्पादन ज्यादा न होने से अन्य शहरों से जो सब्जियां बाजार में बिकने आ रही है, उनका रूप रंग तो आकर्षित रहता है, इसके अलावा फलों को भी अस्वाभाविक तरीके से पकाकर बेचा जा रहा है।

# आज होलिका दहन के बाद कल उत्साह से खेली जाएगी होली

## हुरियारों की टोलियां मचायेगी धमाल, जमकर उड़ेगा प्रेम व एकता का प्रतीक रंग गुलाल







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** परम्परागत होलिकोत्सव उमंग, उत्साह से मनाने का जोश कल सोमवार से ही शहर के युवाओं, बच्चो, बुजुर्गो, महिलाओं साफ तौर पर नजर आ रहा है। मगर इस वर्ष पूरे जोश के साथ मनाने की तैयारी में दिखाई दे रहे है। इसी के चलते घरों में होली पर बने विविध व्यंजनो की खुशबू शहर के माहौल में समा उसे खुशनुमा बना रही है तथा दूसरी ओर शहर के बाजार में रंग गुलाल, पिचकारियों, मुखौटो की सजी दुकानों पर देश के नेताओं व सिने अभिनेताओं के नाम वाली पिच कारियॉ जहां बच्चे खरीदकर ले जा रहे है। वही फलों, मिठाईयो की दुकानों पर भी भीड़ भाड़ का आलम दिखायी दे रहा है। वही दूसरी ओर होली के बाजार में भीषण महॅगाई असर डाल रही है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा होली हर्षोल्लास से मनाने के लिए के शहरवासियों के उत्साह के सामने महॅगाई बाजार से गायब सी नजर आने के कारण बाजार में भीड भाड़ से भरा रहा तथा होली पर आज भी नगर के बाजार में भीड भाड़ का आलम देखने मिलेगा। जिसके चलते आज नगर में जहां तहां निर्धारित शुभ मुहुर्त्त पर नगर के लगभग 42 स्थानों पर होलिका दहन किया जावेगा तथा लोक गीतो फागों के गायकों ने आवाहन किया कि शालीन गाडरवारा शहर के निवासी होली में बरसने वाले सतरंगी रंगो, गुलाल में सराबोर होने तैयार हो जायें। गौरतलब है कि हर साल की भांति होलिका दहन के दूसरे दिवस यानि कल सोमवार को शहर में होली का मद मस्त करने वाला त्यौहार लोग पूरी उमंग से मनायेंगें, हॅसी ठिठोली के बीच युवा, बच्चें एक दूसरे पर रंगे की बौछार करेगें, हुरियारो की टोलियां ढोल ढमाकों के साथ निकलेगी तथा अनेक स्थानों लोक जीवन को उत्साहित, जीवंत करने वाले सरस गीत, संगीत के कार्यक्रम आयोजित होंगें। वैसे देखा जावे तो इस वर्ष पूर्णिमा दो दिन होने के चलते लोगों में होलिका उत्सह मनाने को लेकर मतभेंद देखने मिल रही है जिसके चलते जहां कुछ लोग कल सोमवार को मनाने की तैयारी में है तो कुछ लोग मंगलवार को ..? वही दूसरी ओर होली पर्व नपा द्वारा जलापूर्ति के बेहतर प्रबंधन किये जावेगे तथा नगर की शांति व्यवस्था कायम रखने पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस रहेगा, जिसके चलते पुलिस प्रशासन ने भी अपनी ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। विदित हो कि शहर में अमन चैन, सद्भावना का घना वातावरण है जिससे भरोसा है कि शहर के निवासी उन्मुक्त ढंग से होली का त्यौहार मनायेंगें। इस संबंध में शहर के विद्वान पंडितो ने बताया है कि इस वर्ष ईश्वर की की विशेष कृपा से होलिका दहन पर विशेष संयोग देखने मिल रहा है। वही कल सोमवार को होली त्यौहार मनाने की तैयारियों को लेकर नगर के लोगों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है व क्षेत्र के नागरिकों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से होली मिलन समारोह का आयोजन नगर में अनेक जगह आयोजित होने की संभावना बताई जा रही है। यह बात अलग है कि इस वर्ष होलिका दहन करने का मुहुर्त दो दिन होने के चलते कुछ जगहों पर रविवार को तो कुछ जगहों पर सोमवार को होलिका दहन होने की तैयारी है? वही दूसरी ओर होली तैयार को लेकर से जब नगर के लोगों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि निश्चित ही होती त्यौहार इस प्रकार से होता है कि साल भर में एक बार एक दूसरे से गले मिलने का मौका आता है। इसलिये सभी को इस त्यौहार को एक दूसरे से गले मिलते हुये धूमधाम के साथ मनाना चाहिये, पुरानी बुराईयों को भुलाते हुये नये सिरे से एकता का परिचय देना चाहिये, जिस प्रकार से हमारे क्षेत्र में हर त्यौहार को बड़ी ही शांति व मिल जुलकर मनाना चाहिये। क्योंकि हमारे नगर में अखंड सौहार्द्र का वातावरण बना रहता है और वर्ष भर सभी त्यौहार लोग मिल जुलकर मनाये जाते है। इसी प्रकार से इस त्यौहार पर भी सभी को मिलकर मनाने की जरूरत है आ रहे है। होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है, जिसे मस्ती भरे प्रेम के साथ मनाया जाना चाहिए, होली का संदेश यह है कि समाज में विषमता, रागद्वेष को समाप्त कर विकास की नई इबारत लिखने की सामूहिक कोशिश की जाए। होली जलाने के लिये देशी कंडो का उपयोग किया जावे तो वह सबसे अच्छा रहता है। क्योंकि लकड़ी उपयोग करने से हम जिस प्रकार से पेड़ काटते है वह निश्चित ही पर्यावरण को हानी पहुचना होता है। इसलिये सभी होली समिति यदि कंडा की होली जलाबे तो अच्छा होगा। वही लोगों का कहना है कि होली खेलने में पानी का दुरूपयोग न हो क्योंकि जल ही जीवन है और विशेष तौर लोग इस बात का भी ध्यान रखे कि होली खेलते समय रासायनिक रंगो का उपयोग से बचे क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि इस प्रकार के रंग का उपयोग करते है जो मानव शरीर के लिए हानि कारक होता है। वही प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा का कहना है कि फाल्गुनी मस्ती का महापर्व होलिकोत्सव सभी को भाईचारे के साथ मनाना चाहिए, समाज परिवार की तरह होता है। वैसे भी देखा जावे तो इस शहर में यह मेरी यह पहली होली है और मेने सुना है कि लोग यहां पर बड़े की शांति पूर्वक तरीके से सभी त्यौहारों को मिल जुलकर मनाते है और मैं आशा करता हूं कि इस वर्ष भी इसी प्रकार से मनाया जावे। वही दूसरी ओर लोकसभा चुनाव को लेकर जारी चुनाव आचार संहिता का भी पूर्णरूप से पालन किया जावे। मेरी ओर से सभी नगर वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं के साथ में चाहता हूं कि इस त्यौहार पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक विवादों की स्थिति होली पर नहीं आना चाहिए होली एक दूसरे के गले मिलते हुए सभी बुराईयों का मिटा देती है इसलिए होली पर मदिरा पान कर हुड़दंग मचाने वाले युवाओं की कारगुजारियॉ बर्दाश्त नही की जायेगी तथा अनुशासन के माहौल में होली का पर्व मने इस बात पुलिस पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वही नगर पुलिस निरीक्षक उमेश तिवारी का कहना है कि शहर में शांति का जो वातावरण है वह पूर्णरूप से गर्व करने लायक है। शहर के युवायों में अनुशासन में रहने की जो रूझान है तथा बच्चों का जो शिष्टाचार है, उससे सहज में कहा जा सकता है कि नगर में होली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जाएगा और एहतियात के तौर पर आज रविवार को होलिका दहन कार्यक्रम पूर्ण शांति के साथ करते हुये कल रंगों का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगी और शांति व्यवस्था बनाये जाने हेतु हमारे द्वारा लगातार दो दिन तक पेट्रोलिंग चलेगी, हमे आशा है कि पुलिस को मित्र मानते हुए शहरवासी भी होली, रंग पंचमी पर भी कानून, व्यवस्था बहाल रखने हमारा सहयोग करेंगें जिससे होली त्यौहार पूर्ण शांति के साथ संपन्न होगा, जिससे हमारे साथ साथ नगर का नाम भी रोशन होने से बंचित नही रह पायेगा।



### ग्राम पाली खैरी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध खनन करते हुये किया जा रहा खुले आम मिट्टी का परिवहन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** क्षेत्र में जिस तरह से मिट्टी का अवैध खनन होने के साथ खुलेआम चल रहे परिवहन के कारण जहां गांवों में शासन द्वारा बनाई गई पक्की सड़को की दुर्गति होने के कारण सड़को की हालत बेहाल होने से नही चूक रही है? वही दूसरी ओर सरकारी भूमि पर मिट्टी की खुदाई करते हुये क्षेत्र में सड़को के ठेकेदार मालामाल होने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पाली खैरी में देखने मिल रहा है। यहां पर बताया जाता है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के टेकापार सहित अन्य जगहों पर सड़क का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि से खुलेआम दिन दहाड़े मिट्टी की खुदाई करते हुये उसका परिवहन किया जा रहा है। इस तरह पंचायत की शासकीय भूमि पर हो रही खुदाई को लेकर जहां पंचायत जन प्रतिनिधियों की भूमिका सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर गांव के लोगों को आने जाने के लिये सरकार द्वारा बनाई गई पक्की सड़के भी इस तरह मिट्टी परिवहन के लिये दौड़ रहे भारी भरकम डम्फरों की चपेट में आने से टूटने से नही बच पा रही है? इस तरह पंचायत के जन प्रतिनिधियों की उदासीनता कही जावे या फिर मिलीभगत के चलते सड़को का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा इस तरह शासकीय संपदा का खुलेआम दोहन करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? इस तरह ग्राम पंचायत पाली खैरी गांव में चल रही सरकारी भूमि पर अवैध खुदाई व परिवहन करते हुये दौड़ रहे डम्फरों को देखकर लोग हैरत में पड़ने से नही चूक रहे है? इस संबंध में जब कुछ लोगों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यहां के एक शासकीय तालाब की खुदाई करते हुये मिट्टी का परिवहन किया जा रह है..? यह बात कहा तक सत्य है यह तो नही कहा जा सकता है। मगर इस तरह ग्राम पाली में शासकीय भूमि पर हो रही मिट्टी खुदाई व परिवहन को लेकर जब खनिज विभाग से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों से चर्चा की गई तो उन्हें इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी न होने की बात सामने आने से नही चूक पा रही है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब क्षेत्र के संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नही है तो निश्चित तौर से यह मिट्टी का खनन अवैध रूप से या फिर पंचायत की मिलीभगत से चलने की संभावना पैदा होने से नही चूक पा रही है? मान लिया जावे की पंचायत द्वारा ही तालाब की खुदाई की जा रही है तो फिर उससे निकलने वाली मिट्टी तालाब के आसपास ही डालने का प्रावधान होता है न कि उसका परिवहन किया जा सकता है..? मगर यहां पर तो जिस तरह दिन दहाड़े शासकीय भूमि से मिट्टी की खुदाई करते हुये भारी भरकम डम्फरों के माध्यम से परिवहन करते हुये क्षेत्र के दूसरे गांव के पास चल रहे सड़क निर्माण वाले स्थल पर ले जाना निश्चित तौर से पंचायत से लेकर अधिकारियों की भूमिका को सबालों के घेरे में लाने से नही चूक पा रहा है? कही ऐसा तो नही पंचायत द्वारा इस तरह तालाब की खुदाई करते हुये इस मिट्टी का विक्रय करते हुये अपनी जेब भरी जा रही हो।

# अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री के साथ युवक गिरफ्तार

## पुलिस के हाथ लगातार पांचवें दिवस फिर लगी बड़ी सफलता



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब पुलिस अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वावाहन पूर्ण निष्ठा के साथ करते है तो अवैध कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोग सिर्फ दहशत में ही नही उनके हर प्रकार की कार गुजारिया बिफल होने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाइ्र इन दिनों गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की जुगल जोड़ी द्वारा जिस तरह गाडरवारा क्षेत्र में कार्यवाही की जा रही है उसके चलते पुलिस द्वारा लगातार मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ने में तो सफलता हासिल की जा रही है। वही दूसरी ओर जिस तरह होलिका दहन के एक दिन पूर्व ने जिस तरह से एक युवक को भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री के साथ पकड़ने में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। इस तरह विस्फोटक सामग्री के साथ युवक को पकड़ने जाने से यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि निश्चित तौर से यह युवक होली त्यौहार के दौरान हो सकता है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की जुगाड में हो या फिर यह सामग्री अन्य किसी को विक्रय करने के इरादे से इस तरह विस्फोटक सामग्री लेकर घूम रहा होगा जिसको समय रहते हुये गाडरवारा पुलिस द्वारा आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल करते हुये उसके इरादों पर पानी फेर दिया गया है? । ज्ञात हो कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस नागेन्द्र पटेरिया द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये जारी चुनाव आदर्श आचार संहिता के नियमानुसार पालन हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी के चलते बी हुये शुक्रवार को उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में अपना मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान नगर निरीक्षक उमेश तिवारी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की समीपस्थ ग्राम गरधा के पास बने हुये प्रसन्न बेयर हाऊस के पास एक युवक कुछ विस्फोटक सामग्री रखे हुये खड़ा है। इस तरह संपूर्ण क्षेत्र होली त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने की तैयारियों के बीच किसी व्यक्ति द्वारा इस तरह विस्फोटक सामग्री के साथ घूमने की खबर को टीआई उमेश तिवारी द्वारा गंभीरता से लेकर हुये अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी को विस्फोटक सामग्री के साथ पकड़ने के आदेश देने पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह आरोपी की घेराबंदी करने के लिये बनाई गई टीम में मुख्य रूप से नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के आलवा उप निरीक्षक नीलेश बड़कुर, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी सहित वरिष्ठ आरक्षक राकेश झा, रूपेन्द्र चौबे, सतेन्द्र बागरी, आरक्षक बालकिशन रघुवंशी, अखिलेश पटेल, सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट, विश्वजीत, अभिषेक सूर्यवंशी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताय गये स्थान की घेराबंदी करते हुये जब एक युवक को संदिग्ध हालत में खड़ा हुआ पाये जाने पर उसे संदेह के आधार पर अपनी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम गुलाब कहार पिता जीवन कहार उम्र 50 साल निवासी ग्राम गरधा थाना गाडरवारा का होना बताया गया। वही मौजूद लोगों के समक्ष जब संदेही के पास रखे हुये थैले की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से पुलिस को 20 नग सुपर पावर, 90 डेंजर एक्सप्लोसिव, 00 नग स्टील के डेटोनेटर फ्यूज, 08 नग केसरिया रंग की डेटोनेटर फ्यूज लगे इलेक्ट्रिक वायर, 30 नग बारूद बत्ती मिलने पर पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध विस्फोटक जप्त किये गये। वही इस प्रकार से अवैध विस्फोटक के रखे पाये जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की संगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । वही आरोपी को गिरप्तार करते हुये आरोपी को मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ के माध्यम से इस बात का पता किया जा रहा है कि आखिर वह इतनी मात्रा में यह विस्फोटक सामग्री कहा से लेकर आया था और किसको विक्रय करने की जुगाड में था या फिर खुद ही क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था? वही पकड़े गये आरोपी के संबंध में पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया है कि आरोपी गुलाब कहार के विरूद्ध पूर्व में भी थाना गाडरवारा में मारपीट एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत और भी मामले दर्ज है। इस तरह देखा जावे तो गाडरवारा पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के शांतिपूर्वक निर्वाचन हेतु लागू आदर्श आचार संहित के पालन एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ,अवैध शराब एवं अवैध हथियार के व्यापार में संलिप्त आरोपीगण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । इसी के चलते लगातार पांचवे दिवस पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि यदि समय रहते हुये पुलिस द्वारा गंभीरता नही दिखाई गई होती तो निश्चित तौर से यह आरोपी इस विस्फोटक सामग्री को ठिकाने लगाने में सफल हो सकता था जिसके चलते होली के त्यौहर की रंग में भंग पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था..?

# बच्चों का भविष्य बनाने के लिए सरकार द्वारा स्कूलों में दिये गये कम्पूटर खा रहे धूल?



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों को जिस प्रकार से सुविधाएं प्रदान की जा रही है यदि उनका उन्हें सही लाभ मिल जावे तो निश्चित ही उनकी किस्मत बदलने में देर नही लग सकती है, मगर इन योजनाओं के लाभ से बच्चे कम व विभाग से जुडे अधिकारियों को अधिक लाभ होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार से गौर किया जावे तो विगत कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये। कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है तो कई कोठरी मे बंद पडे आज भी सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ा रहे है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो कई गांवों के शिक्षकों को कम्प्यूटर के बारे में ए बी सी डी का ज्ञान न होने के कारण छात्र छात्रायें भी कम्प्यूटर ज्ञान से वंचित ही रहे गये है? शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान न होने के कारण गांवों के बच्चे उन्हें आज तक चालू व बंद करना भी नही सीख पाये है। इतना ही नही अज्ञानतावश बच्चे यह सुनकर व जानकर उत्साहित होते है कि उन्हे स्कूल मे टेलीविजन देखेने मिला है जो शायद कभी चालू होगा,आधुनिकता से परिपूर्ण दौर मे प्रत्येक क्षेत्र मे कम्प्यूटर जरूरत बन गया है। इसी बात का ध्यान रखत हुये बच्चों के भविष्य के लिये शिक्षा विभाग द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान सोच के साथ लाखों रूपयें की राशि खर्च कर गांव गांव के स्कूलों मे कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया करायी गयी है? परंतु संबंधित विभाग से जुडे हुए ही अधिकारियों द्वारा राशि का बंदरबाट कर अपनी जेब व अपने घर की शोभा बढ़ाने के शिवा कुछ साबित नही हुआ है? कम्पूटर प्रशिक्षण के नाम पर धूल खा रहे कम्प्यूटर एक बार बिगड़ जाने के बाद महीनों उनकी मरम्मत नही कराई जाती है, इस प्रकार वह स्कूलों मे रखें रखें सड़ रहे है। कई स्कूलों में तो लाईट की व्यवस्था तक नही है, फिर भी उन स्कूलों में कम्पूटर उपलब्ध है, अब सवाल यह उठता है कि आखिर शासन द्वारा कम्पूटर शिक्षा के नाम पर पैसा क्यों खर्च किया गया है।

# गरीबों के लिए अभिशाप बनी दहेज प्रथा



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सामाजिक संस्थाएं, शासन प्रशासन चाहे लाख दावा करें, लेकिन सच्चाई यह है कि समाज मे दहेज प्रथा की पूरी तरह से समाप्ति न होने से माध्यम वर्गिय परिवारों की बहुत सी युवतियॉ हर साल अविवाहित रह जाती है या फिर वरपक्ष के दहेज लोभियों की मांग पूरी न होने से उस पिता के अरमान भी अधूरें रह जातें है जिसने अपनी प्यारी बिटिया को खून पसीने की कमायी से परवरिश कर शिक्षित और सर्वगुण सम्पन्न बनाया होता है? वही लोगों द्वारा इस बर वक्ष की दहेज रूपी मांग को पूरा करने के लिए अनेक कन्याओं के पिता कर्ज में फंसकर दहेज लोभियों की मांग को तो पूरा कर देते है। मगर बाद की स्थिति इस प्रकार से होती है कि उसका लेकर वह कर्ज पटाते हुए गुजारते हुए देखे जाते है? गौरतलब है कि क्षेत्रीय स्तर पर भी कारगर ढंग से दहेज मॉगने पर बंदिया नही लग सकी, जहॉ अभीर माने जाने वाले साधन संपन्न लोग अपनी शानों शौकत का प्रदर्शन कर न्यौछावर, उपहार के नाम वरपक्ष को भारी भरकम दहेज राशि देकर एक तरह से लक्ष्मी को आपमानित कर रहे है, वही दूसरी तरफ दहेज की चाहत की धधकती ज्वाला के बीच वह गरीब मुसीबत में पड़ गया, जिसके लिए भीषण महॅगाई के दौर आजीविका चलाना कठिन हो गया है,उसकी माली हालत को नजर अंदाज कर देखा जा रहा है कि वरपक्ष की तरफ सें उस पर धन या दहेज सामग्री देने का दबाब बनाया जा रहा है, नतीजतन अधिकांश गरीब कर्जदार हो रहे है और अपने ऑगनों में गॅूजतें बैण्डबाजों की आवाज के बीच उनकी आत्मा पुकार रही होती है कि अब तो बदलतें दौर में अब तो दहेज प्रथा का सर्वनाश होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जिला शिक्षा अधिकारी वर्तमान कर्तव्यों के साथ निभाएंगे डीपीसी का दायित्व

**अनूपपुर।** सर्व शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केन्द्र अनूपपुर के जिला परियोजना समन्वयक हेमन्त खैरवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वर्तमान समय में अवकाश पर होने से कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आदेश जारी कर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह को आगामी आदेश तक अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केन्द्र अनूपपुर के समस्त दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आबादी क्षेत्र में विचरण कर रहे मोर

**अनूपपुर।** वन मंडल अनूपपुर के अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र के आबादी बाहुल्य दो अलग,अलग ग्रामों के टोला-मोहल्ला में विगत एक वर्ष से निरंतर विचरण कर रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आगामी त्यौहार को देखते हुए नजर बनाए रखने तथा विचरण की स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतने के संबंध में अनूपपुर वन मंडलाधिकारी डीएफओ ने वन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि अनूपपुर वन मंडल अंतर्गत अनूपपुर एवं जैतहरी वन परीक्षेत्र के दो ग्रामों में विगत एक वर्ष से राष्ट्रीय पक्षी दो मादा एवं एक नर मोर निरंतर विचरण कर रहे हैं जो दिन के समय ग्रामीणों के अन्य पशु-पक्षियो के साथ विचरण करते हुए रात होने पर आस-पास के पेड़ों में अपना रहवास बनाकर रहते हैं यह प्रक्रिया निरंतर चल रही है जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्य जीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल को दिए जाने पर उनके द्वारा वन मण्लाधिकारी अनूपपुर शुश्री श्रद्धा पेन्द्रे के साथ वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर एवं जैतहरी को अवगत कराते हुए आने वाले विशेष त्यौहार होली को देखते हुए मोरों के विचरण पर निगरानी रख सुरक्षा बनाए रखने की बात कहीं रही है जिस पर डीएफओ अनूपपुर द्वारा वन विभाग के मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय पक्षी मोरों के विचरण पर नजर रखने तथा संरक्षण करने की निर्देश दिए हैं।

### सजहा के जंगल में मिला अधेड़ का शव



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर से 17 किमी दूर स्थित शहडोल-अमरकंटक मुख्यमार्ग के मध्य ग्राम सजहाटोला के जंगल में शनिवार की सुबह दिशा मैदान के लिए गई एक महिला कौशिल्या पति विजय नायक ने जंगल के अंदर स्थित पगडंडी मार्ग में एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़े-गले स्थिति में पड़ा होना देखकर चेलाराम नायक को सूचना दिये जाने पर उनके द्वारा अनूपपुर जिला मुख्यालय के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल को स्थिति की जानकारी देते हुए कार्यवाही कराए जाने का आग्रह किया जिस पर श्री अग्रवाल द्वारा कोतवाली थाना अनूपपुर निरीक्षक अरविंद जैन को घटना की जानकारी फोटोग्राफ सहित प्रदाय किए जाने पर कोतवाली अनूपपुर निरीक्षक अरविंद जैन, उपनिरीक्षक मंगला दुबे, सहायक उपनिरीक्षक सन्तोष वर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र राठौर पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर खोजबीन प्रारम्भ की जिस पर मृतक की पहचान पड़ोस के शहडोल जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत खोह के समुद्धाटोला टोला निवासी 56 वर्षीय अमृत सिंह पिता चमरू सिंह के रूप में मृतक के पुत्र खेलावन सिंह ने पहचान की जिस पर पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा एवं गवाहों के बयान दर्ज करते हुए मृतक के शव का पीएम कराए जाने हेतु जिला अस्पताल के शव वाहन से जिला अस्पताल अनूपपुर भेजते हुए घटना के कारणो की विवेचना में कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मृतक अमृत सिंह के मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है मृतक के पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों ने बताया कि मृतक विगत छः दिन पूर्व सोमवार को घर से निकला था जिसके घर न पहुंचने पर परिजन रिश्तेदारी एवं अन्य स्थानों पर तलाश कर रहे थे।

# होली के स्वागत में सजे शहपुरा बाजार

## लोगों ने जमकर खरीदे रंग गुलाल

रंगों का त्योहार होली खेलने को बेचैन लोगों का इंतजार दो दिन बाद खत्म हो जाएगा। हालांकि होली पर मस्ती और एक दूसरे को रंग लगाने के लिए लोग अभी से तैयारियों में जुट गए हैं।

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।



बाजार में रंगों की दुकानें भी सज गई हैं। इस बार लोगों में तिलक होली खेलने के लिए हर्बल गुलाल की मांग ज्यादा है। कलर की बिक्री बहुत ही कम हो रही है। शहर के मुख्य बाजारों में भी लगने वाली दुकानों पर पक्का रंग बहुत कम ही बिकता नजर रहा है। अधिकांश दुकानों पर गुलाल ही देखने को मिल रही है। बाजार में बिक रही अलग-अगल खुशबू वाली गुलाल की मांग भी अधिक है। व्यापारियों के अनुसार होली पर अब अधिकांश व्यापारी सहित आमजन भी अच्छी क्वालिटी वाली गुलाल की मांग कर रहे हैं।

### पर्व को लेकर सजे बाजार

होली पर्व नजदीक आते ही शहर सहित गांवों में भी फाल्गुनी गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। साथ ही बाजार में पारंपरिक रस्म निभाने के लिए नन्हे दूल्हों की पगडियों समेत कई सामान से दुकानें सजी हुई है। युवक-युवतियां चंग की थाप पर फाल्गुनी गीतों से त्योहार के रंगों की याद को ताजा कर रहे हैं। शहर में तिलक होली मनाने के लिए शहरवासी आतुर हैं। होली को लेकर बाजारों में रंगों की दुकानें सज गई है। शहर के कई जगह सूखे रंग, पिचकारियों की दुकानें लगी है। ज्यों-ज्यों होली के दिन नजदीक आ रहे है इन दुकानों पर खरीदारों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। व्यापारियों ने ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए खुशबू वाली गुलाल मंगाई है। साथ ही दुकानों को मुखौटों और पिचकारियों से सजा रखा है। होली को दो दिन ही शेष है इसलिए दुकानों पर खरीददारों की काफी भीड़ भी है। होली को देखते हुए बाजारों में विभिन्न प्रकार की पिचकारियां उपलब्ध है। व्यापारियों ने बताया कि बदलते दौर के अनुसार लोग भिन्न भिन्न प्रकार की पिचकारियां पसंद कर रहे हैं। अधिकांश बच्चे गणेश, डोरी मोन, टेंक, बंदूक, पिकाचू, भीम, डोरी मोन की पिचकारियां पसंद कर रहे हैं। वहीं छोटी लड़कियां बॉर्बी डोल, बर्ड, डक और शोल्डर टेंक की पिचकारियां अधिक पसंद कर रही है। साथ ही बाजार में एक से बढ़ कर एक मुखौटा लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

### घटी पक्के रंगों की मांग

व्यापारियों के अनुसार साल दर साल पक्के रंग की मांग कम होती जा रही है। इस बार तो इनकी मांग पिछले साल से आधी रह गई है। सभी लोग त्वचा को लेकर जागरूक हो गए हैं। अब तो गांव में भी यह नहीं बिक रहा है। बिक्री कम होने का कारण माल भी कम मंगवाया जा रहा है।

# पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं होली के त्यौहार के मद्देनजर सावधानियां को ध्यान में रखते हुए आज पुलिस फ्लैग मार्च का आयोजन शहर में लगभग 7 किलोमीटर पदयात्रा कर संपन्न किया। पुलिस फ्लेक्स मार्च कलेक्ट्रट प्रांगण से डिंडोरी के में रोड से होते हुए भारत माता चैक से कस्तूरबा कन्याशाला मस्जिद मोहल्ला सब्जी मंडी बस स्टैंड अवंती बाई चैराहा सुखार से स्वीकार मस्जिद मोहल्ला कॉलेज तिराहे होते हुए बायपास रोड से पुरानी डिंडोरी बस स्टैंड से अमरकंटक पुरानी डिंडोरी होते हुए कलेक्ट्रेट प्रांगण में समापन हुआ। पुलिस फ्लैग मार्च में उपस्थित रहे एसडीएम डिंडोरी देवांगन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एसडीओपी डिंडोरी के के त्रिपाठी यातायात प्रभारी सुभाष मरावी सूबेदार अभिनव राव कुंवर सिंह प्रभारी पी आर ओ चेतराम अहिरवार एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस जवान जिला पुलिस बल एस ए एफ के जवान उपस्थित रहे।

# होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई



हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर थाना परिसर शाहपुर में थाना प्रभारी कुंवर सिंह मरावी एवं कस्बा के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें होलिका दहन के पश्चात धुरेहड़ी के दिन रंग गुलाल का उपयोग करने सहित त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाने के साथ असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने एवं शराब पीकर हुड़दंग नहीं के साथ साउंड सिस्टम को शासन द्वारा तय किए गए मापदंडों के अनुरुप उपयोग करने की आम सहमति के साथ होली पर्व मनाने पर चर्चा की गई बैठक में सरपंच राजू बनवासी ,राजकुमार साहू, मनोहर ठाकुर ,विक्की खान ,हर्ष ठाकुर ,गणेश कश्यप ,शिवा चैबे ,राधेश्याम झरिया ,संतोष साहू ,सहित कस्बा के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस थाना मेंहदवानी में हुआ शांति समिति की बैठक



**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी में शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। चुनाव आचार संहिता लागू होने एवं हिन्दुओं का होली पर्व तथा मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान महीने शांति पूर्वक मनाए जाने को लेकर आयोजित बैठक में नायब तहसीलदार मेंहदवानी सुखमन सिंह कुलेश, थाना प्रभारी प्रभु दास मोंगरे सहित विभिन्न ग्रामों के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नायब तहसीलदार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागू है ऐसे में होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। नशे से दूर रहें एवं सोशल मीडिया पर गलत कमेंट न करें जिससे किसी के दिल को ठेस न पहुंचे। जबरजस्ती किसी को रंग न लगाएं जिससे विवाद की स्थिति निर्मित न हो।

# पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ




हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैठल हाल में आज को पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालेंटियर्स को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, भरण पोषण कानून, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पाक्सो एक्ट, किशोर न्याय बालको की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 एवं नियम 2014 व 2017, मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य, गिरफतारी व जमानत से संबंधित कानून, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य, भ्रष्टाचार अधिनियम, विद्युत अधिनियम एनडीपीएस एक्ट के संबंध में न्यायाधीशगण ने विस्तार से जानकारी प्रदान की।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी नीना आशापुरे द्वारा माँ सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित से किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान, तृतीय जिला न्यायाधीश कमलेश कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड रिजवाना कौसर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनाली शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मोहसिना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उत्कर्ष राज सोनी, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्बद्ध माननीय पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जोनल पीएनएम बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**अनूपपुर।** हम सब की क्षमता लगभग एक समान है परंतु अगर व्यक्ति अपनी सोच को बढ़ा कर निरंतर प्रयास करें तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, यही लक्ष्य लेकर हमने मेरे 02 साल 08 माह के कार्यकाल में रेलवे स्वास्थ्य विभाग में व्यापक परिवर्तन हुआ है व्यवस्था में सुधार के आधुनिक मशीनें दी गई है रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज कर 11 स्पेशलिस्ट डाक्टर के पद स्वीकृत हुए हैं, 17 करोड़ का बिलासपुर में आधुनिक इंडोर स्टेडियम की स्वीकृति दी गई है यह सब रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मांग, सुझाव, सहयोग से हासिल हुआ है। उक्त उद्गार वर्ष 2024 के प्रथम जोनल स्थाई वार्ता तंत्र पीएनएम बैठक 21 व 22 मार्च को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कहा। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा बिलासपुर महाप्रबंधक अलोक कुमार के पदस्थ होते ही रेल कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक फैसले हुए जीडीसी कोटा लगातार किया गया।

### सर्व अहीर महासभा डिंडौरी ने नुनखांन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

डिंडोरी जिला के शाहपुर में मुख्यमंत्री मोहन यादव को पहुंचने के उपरांत सर्व अहीर महासभा के कार्यकर्ताओं ज्ञापन सोपा। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर रोहित यादव चंदन यादव भागवत यादव बाल कृष्ण यादव शिवदर्शन यादव अमित यादव श्री सम्मेलन यादव एवं सभी ब्लॉक के जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक कार्यकारिणी उपस्थित रहे! ज्ञापन के बिंदु

1- अमरकंटक में यादव धर्मशाला का निर्माण

2- प्रत्येक ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय में बालक एवं बालिकाओं के लिए ओबीसी छात्रावास

3- जिला मुख्यालय में निर्मित ओबीसी छात्रावास को रिक्त करा कर छात्रावास प्रारंभ किया जाये।

4- ओबीसी हॉस्टल मेस चार्ज 1500 रुपए से घटा कर न्यूनतम 500 किया जाए।

## ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने दी होलिका दहन की जानकारी

# चंद्र ग्रहण का नहीं होगा भारत में कोई असर



अनूपपुर।

फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। बसंत का महीना लगने के बाद से ही इसका इंतजार शुरू हो जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। घरों में गुझिया और पकवान बनते हैं। लोग एक दूसरे के घर जाकर रंग-गुलाल लगाते हैं और होली की शुभकामनाएं देते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं ।

## सरसंघचालक के विचार का वैज्ञानिक प्रमाणन के लिए

### अमरकंटक केन्द्रीय विवि से जारी पीएचडी शोध पर होगा अंतर्राष्ट्रीय मंथन

**अनूपपुर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध छात्र, अभाविप विश्वविद्यालय खंड के पूर्व अध्यक्ष तथा स्वावलंबी भारत अभियान के शहडोल जिला युवा आयाम प्रमुख चिन्मय पांडे अपने पीएचडी कार्य में प.पू. सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के विचार पर शोध कर रहे है। पीएचडी का टॉपिक ओम है जिसमे हम सबके पूर्वज समान है, डीएनए मैपिंग के आधार पर हजारों साल पहले के अखंड भारत काबुल के पश्चिम से छिंदविन नदी की पूर्व तक और चीन की तरफ की ढलान से श्रीलंका के दक्षिण तक जो मानव समूह के लोंगों का डीएनए समान है। हमारे पूर्वजों ने ही हमें सब सिखाया है. सबकी अपनी-अपनी पूजा-पद्धती है, मान्यताएं हैं. सबकी अपनी-अपनी भाषा है और विविधता में एकता वाले ये सभी लोग हिंदु ही है इसका वैज्ञानिक प्रमाणन करने रिसर्च किया जा रहा है। चिन्मय पांडे के शोध निदेशक आचार्य (डॉ) विकास सिंह है।



**दस्तावेजी प्रमाण साबित करते हैं कि भारत के सभी लोग हिंदू ही है**

चिन्मय पांडे का फरवरी 2021 में पीएचडी का पंजीयन हुआ है तथा 21 पीढ़ी तक के पूर्वजों की वंशावली का दस्तावेज यह साबित करते है की भारत में रहने वाले सभी पूजा पद्धति के लोग हिंदू ही है। यह जानकारी वैज्ञानिक एवं दस्तावेज प्रमाण के साथ बताया जाना अत्यंत अनिवार्य हो गया है, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत के पूर्वजों पर किए गए घोर प्रताड़ना, अपहरण, बलात्कार, जबरन धर्मांतरण जैसे अत्याचारों की वजह से भारत के कुछ लोग धर्मांतरित हुए। शोध के प्रमाणन से भारत के लोंगों को अपने पूर्वजों पर हुए अत्याचार के कारण हुए धर्मांतरण को ध्यान में लाया जा सकेंगा।

## खबर संक्षेप

### मीसाबंदी संघ के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रास सांसद सोनी




**करेली।** लोकतंत्र सेनानी (मीसाबंदी) संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी को पुन निर्वाचित किया गया है। गत 21 मार्च को बिरला भवन जयपुर राजस्थान में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित राष्ट्रीय कार्यसमिति ने श्री सोनी को पुनः सर्वसम्मति से संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया। लोकतंत्र सेनानी मीसाबंदियों के हित, अधिकारों के लिए लगभग दो दशक से राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष की अलख जगाने वाले राष्ट्रीय चिंतक, प्रखर वक्ता एवं राज्यसभा के सांसद कैलाश सोनी द्वारा मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में लोकतंत्र सेनानियों के अधिकारों के लिए मंच के माध्यम से सतत संघर्ष किया है। श्री सोनी को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने पर लोकतंत्र सेनानी संघ के नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष एड.संतोष तिहैया सहित संघ के सदस्यों ने हर्ष जताते हुए राष्ट्रीय कार्यसमिति का आभार व्यक्त किया है।

### धोखाधड़ी व ठगी का आरोप, एस पी से की शिकायत

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी रामसिंह प्रधान आ. बाबूलाल प्रधान निवासी मुशरान वार्ड नरसिंहपुर ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर चोला मंडलम एजेंट अज्जू ठाकुर एवं हरीश भारद्वाज पर धोखाधड़ी और ठगी करने का आरोप लगाया है पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि चोला मंडलम एजेंट अज्जू ठाकुर एवं हरीश भारद्वाज के द्वारा रामसिंह प्रधान के नाम से एक बलेरो एस एल एक्स मेरे नाम से फाईनेस करवाकर धोखाधड़ी की है इनके विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। गाड़ी फाइनेंस कराकर अज्जू ठाकुर एवं हरीश भारद्वाज ने कहा था कि हम इसका उपयोग करेंगे और हम इसकी किस्त जमा करेंगे। किंतु उक्त दोनों व्यक्तियों ने किस्त जमा नहीं की और फाइनेंस कंपनी द्वारा हमें बताया गया है कि दोनों किस्त जमा नहीं कर रहे है उक्त गाडी भी अपने पास रखे हुये है। उक्त गाडी कहां पर है यह भी नहीं बता रहे है और किश्ते भी नही चुका रहे है गाड़ी मांगने पर अनावेदकगण गाली गलौच कर रहे है और मारपीट कर जान मारने की धमकी देते हैं। चोला मंडलम द्वारा काफी प्रताडित किया गया जिस कारण मैने 50,000/- रुपए रिश्तेदारो से उधार लेकर जमा किये है । पुलिस अधीक्षक से अनावेदकगणों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए गाड़ी दिलाने की मांग की है।

### मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश के आदेश

**नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर कारोबार, व्यावसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश दिये गये हैं। श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ज्योति पांडे दुबे ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के प्रावधान के अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थाओं में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश हैं। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे, जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेद्ध हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन/ आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे।

## होली एक, रूप अनेक थीम पर रंगोत्सव

### सामाजिक समरसता व सौहार्द को बढ़ाने वाला त्यौहार है होली







**नरसिंहपुर ।** हमारा देश विविधताओं भरा है जहां जितने राज्य उतने ही उसके अलग-अलग त्यौहार और उन्हें मनाने का सबका अपना-अपना अंदाज होता है। होली, धुरेड़ी या फाग जो भी कहें रंगोत्सव एक उसके रूप अनेक और हर जगह उसे मनाने का अपना ही ढंग होता जिसकी वजह से ऐसे आयोजन से समस्त देश में उत्सव का माहौल बन जाता है। होली के विभिन्न रंग-ढंग को आधार बनाकर काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालिकाओं सुश्री इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया ने होली एक रूप अनेक थीम पर रंगोत्सव का रंगारंग आयोजन किया।

#### जमकर खेली फूलों व गुलाल की होली

जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की होली के माध्यम से सभी काया सदस्यों ने न केवल होली का आनंद उठाया बल्कि, होली के इन विविध प्रकारों की जानकारी भी प्राप्त की जिसने इस आयोजन को मनोरंजन व ज्ञान का एक अनोखा संगम बना दिया। इस अनूठे कार्यक्रम में महिलाओं के एक समूह ने सबसे पहले होली आई रे कन्हाई रंग छलके सुना दी जरा बांसुरी गीत पर नृत्य के माध्यम से राधा-कृष्ण के प्रेम को दशार्ती ब्रज की सुप्रसिद्ध फूलों की होली का चित्रण किया जिसके द्वारा हमारे देश में होली का शुभारंभ माना जाता है। इसके पश्चात एक अन्य दल ने गोरी तू लट्ठमार गीत के द्वारा बरसाने, नन्दगांव व मथुरा में खेली जाने वाली विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली के जरिये राधा-कृष्ण के मध्य ठिठोली का प्रदर्शन किया जिसे देखने दूर-दूर से लोग मथुरा-वृंदावन आते हैं। सबसे अंत में एक समूह ने रंग दे गुलाल मोहे कि आई होली आई रे के द्वारा दुनिया के अधिकांश देश में रंगों से खेले जाने वाली होली को दशार्या जो कि होली का एक सर्वाधिक प्रचलित स्वरूप माना जाता है। जिसका सम्बंध भक्त प्रह्लाद व उनकी बुआ होलिका से जुड़ा हुआ और होली के एक दिन पूर्व होलिका दहन कर रंगोत्सव की शुरूआत की जाती है।

#### सामाजिक समरसता व सौहार्द्र का त्यौहार होली

काया परिवार ने अपने सेंटर में प्रतीकात्मक रूप से मिनी होलिका दहन भी किया और इस कथा के वास्तविक अर्थ को निरुपित किया जो बताता कि बुराई कितनी भी सबल हो एक दिन अपनी ही लगाई आग में जल जाती है। होली हो या कोई भी लोकोत्सव अपनी इन्हीं मान्यताओं व सामाजिक संदेशों की वजह से संसार में अपना स्थान बनाये रहते हैं। होली के अवसर पर मिलन समारोह आयोजित कर सामाजिक समरसता व सौहार्द्र को बढाने का प्रयास किया जाता जिससे कि मन के वैमनस्य व बुराइयों को अग्नि में प्रज्वलित कर नूतन आरम्भ किया जा सके। इसके अलावा बलिदान दिवस की स्मृति स्वरूप शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भी मेरा रंग दे बसंती चोला माये रंग दे गीत के माध्यम से याद किया गया जिससे कि देशभक्ति का रंग भी देखने मिला काया परिवार ने भी इस रंगोत्सव में सभी रंगों के महत्व व विभिन्न होलियों में छिपे सुविचार को ग्रहण करने की बात कही और इनमें छिपे निहितार्थ को अपनाने प्रेरित किया।

## कांग्रेस की बैठक सम्पन्न, भाजपा पर साधा निशान



**नरसिंहपुर ।** गत दिवस लोक सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । केंद्र की भाजपा सरकार के कारण आज हर वर्ग परेशान है महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों को हलाकान कर रखा है। किसानों को उनकी उपज का वाजिव दाम नहीं मिल रहा है। भ्रम फैलाकर भाजपा चुनाव जीतती है। किंतु अब जनता जनार्दन भाजपा की हकीकत समझ चुकी है। उक्त आरोप होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा ने अमर लान में आयोजित कांग्रेस की बैठक में लगाए। श्री शर्मा ने कहा कि हमे भरोसा है कि आप सब की मेहनत के कारण जनता जनार्दन का आशीर्वाद हमें प्राप्त होगा। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा अफवाह फैलाकर और धर्म का सहारा लेकर चुनाव जीतना चाहती है। केवल झूठ के सहारे ही भाजपा ने भ्रम फेलाया है। आज ईडी सीबीआई का डर बताकर लोगों को धमकाया डराया जा रहा है सवाल करने वालों को जेल भेजा जा रहा है लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। उक्त मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि हमें विश्वास है कि पूरी कांग्रेस एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी और संसदीय क्षेत्र में हमें एक कर्मठ और जुझारू सांसद संजय शर्मा के रूप में हमें प्राप्त होगा। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, दीवान शैलेंद्र सिंह, डॉ संजीव चांदोरकर, आनंद चौरसिया, आशीष दुबे, रोहित पटेल, बांबी खान, प्रीति मिश्रा, कुसुम साहू के अलावा अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी ने अपनी बात रखी। बैठक में नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप गुमास्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

## दिव्यांग विशाल ने स्पेशल ओलंपिक में जीता सोना



**नरसिंहपुर ।** दिव्यांगता कमजोरी हो सकती है, लेकिन अभिशाप नहीं। संघर्ष और आत्मबल के दम पर भी सफलता की इबारत लिखी जा सकती है। इस कथन को नरसिंहपुर निवासी विशेष आवश्यक्ता वाले छात्र विशाल विश्वकर्मा ने हरियाणा के पंचकुला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में उस वक्त सच कर दिखाया जब उन्होंने स्पेशल ओलंपिक भारत साइकिलिंग नेशनल चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर जिला व प्रदेश को पूरे देश में गौरवान्वित किया। मानसिक दिव्यांग विशाल विश्वकर्मा जिला मुख्यालय स्थित ब्रह्मर्षि विकास विकलांग सेवा संस्थान के छात्र हैं। वे मध्यप्रदेश साइकिलिंग टीम के नेशनल कोच नरसिंहपुर निवासी आनंद दुबे के मार्गदर्शन में प्रदेश की टीम के अन्य सदस्यों के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पंचकुला पहुंचे थे। जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफलता अर्जित की। साथ ही टीम को दो रजत व 3 कांस्य पदक भी हासिल हुए। विशाल की इस सफलता के बाद उनका नाम वर्ल्ड समर गेम पर्थ आस्ट्रेलिया की संभावित सूची में शामिल हो गया है। अब वह अंतर्राष्ट्रीय लेबल पर अपने खेल का जौहर दिखा सकते हैं। बड़ी उपलब्धि अर्जित करने के बाद नरसिंहपुर लौटे विशाल व उनके कोच आनंद दुबे का रेलवे स्टेशन में ढोल-नगाडों के साथ फूलमाल पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही संस्थान में भी दोनों का अभिनंदन हुआ।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान- स्वीप के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले और जिला नोडल अधिकारी स्वीप व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दीवार लेखन, शपथ, निबंध प्रतियोगिता, सेल्फी प्वाइंट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 121- गाडरवारा के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा विकासखंड के खैरी सेक्टर के ग्राम बनवारी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा और सांईखेड़ा में आईसीडीएस द्वारा ग्रामों में मतदाता जागरूकता संबंधी प्रेरक नारों का लेखन किया गया। इस दौरान ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से घर- घर रंग लगायेंगे- वोट डालने जायेंगे, सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लेखन का कार्य किया गया। इसी क्रम में महिलाओं ने मतदान करने की शपथ भी ली। नगर परिषद सालीचौका में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान करने की शपथ ली। विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले करेली विकासखंड में महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

## विश्व जल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर ।** विगत दिवस विश्व में बढ़ती जनसंख्या के फलस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग के कारण जल का संकट दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। पृथ्वी के तीन चौथाई भाग में पानी होने के बाद भी पीने योग्य और अन्य उपयोग हेतु जल की कमी जगजाहिर है। एकीकृत शासकीय हाई स्कूल सीमापार के आजाद ईको क्लब द्वारा पूर्व से निश्चित किए गए जल ही जीवन है आधारित गतिविधियां आयोजित की गई जो निम्नानुसार रही- जल स्त्रोतों का महत्व पर, जल प्रदूषण नियंत्रण, जल ही जीवन है,जल संरक्षण पर ,जल की उपयोगिता पर,वर्तमान समय में जल की स्थिति आदि विषयों पर निबंध/ कविता लेखन/ चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एम. एल. मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अपनी अपनी विषय वस्तु पर तैयार किए गए लेखन एवं चित्रकला का प्रस्तुतीकरण किया गया। शाला के बाल केबिनेट प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में जल कैसे और कहाँ कहाँ बचाया जा सकता है। पर्यावरण मंत्री कुमारी नेहा विश्वकर्मा द्वारा जल के संरक्षण के लिए पेड़ पौधे अधिक से अधिक लगाकर उनका अच्छे से पोषित करने पर जोर दिया, छात्र हीरेन्द साहू ने अपनी कविता के माध्यम से जल के महत्व को बताया गया। प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को के साथ हम सभी को छोटे छोटे कार्यों में जल की बचत करना आवश्यक बताया। विद्यालय के प्राचार्य एम एल मालवीय ने विद्यार्थियों के द्वारा तैयार कर प्रस्तुत किए गए निबंध, कविता एवं चित्रकला की सराहना करते हुए बताया कि हम सब की जिम्मेदारी है कि न केवल हम जल प्रदूषण रोके बल्कि जल का संरक्षण के साथ उसका संवर्धन भी अत्यंत आवश्यक है। जल ही जीवन पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा अवलोकन किया गया और अंत में जल के संरक्षण पर आधारित निबंध,कविता एवं चित्रकला का का चयन कर पुरूस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अतिथि शिक्षक ओमपाल सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

## पत्रकार अधिकार पदयात्रा का आभार एवं सम्मान समारोह संपन्न



**नरसिंहपुर ।** नरसिंहपुर से भोपाल तक निकाली गई 320 किलोमीटर की पदयात्रा मे शामिल होने वाले विभिन्न नगरों एवं जिलों के पत्रकारों का आभार प्रकट करने हेतु एवं जिले मे उत्कृष्ठ पत्रकारिता करने हेतु आभार कार्यक्रम समिति द्वारा चयनित पत्रकारों के सम्मान हेतु 23 मार्च को आभार कार्य क्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया । जिसमे नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा, तेंदुखेडा,करेली, गोटेगाँव समेत होशंगाबाद भोपाल एवं दिल्ली से भी पत्रकारों ने उपस्थिति दर्ज कराई, कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर की गई । नरसिंहपुर से भोपाल 320 किलोमीटर पैदल यात्रा करने वाले पत्रकारों ललित श्रीवास्तव एवं तारा चंद पटेल का शाल श्रीफल एवं फूल मालाओं से सम्मान किया गया, कार्य क्रम मे विशेष रूप से पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य हेतु नरसिंहपुर के वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र श्रीवास्तव, गाडरवारा के पत्रकार रमजान खान, पवन कौरव, करेली से भागीरथ तिवारी,सालीचौका से उमेश पाली, गोटेगाँव से राहुल पाटकर एवं अन्य पत्रकारों का तिलक लगाकर एवं सम्मान पत्र सौंपकर सम्मान किया गया, साथ ही पत्रकार अधिकार यात्रा के दौरान यात्रा मे सहयोग करने वाले पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकतार्ओं का आभार पत्र सौंपकर आभार व्यक्त किया गया। वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन, नीलेश जाट, सुशांत पुरोहित, दीपक श्रीवास्तव, समाजसेवी मनोहर साहू,ब्रजेश पटेल, बाबई से पधारे वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी, पत्रकार ललित श्रीवास्तव, पत्रकार तारा चंद पटेल, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र श्रीवास्तव एवं करेली से पार्षद श्रीमती संगीता शर्मा द्वारा पत्रकारिता से जुड़ी समस्याओं, वर्तमान मे पत्रकारिता की चुनैतियों एवं पत्रकार अधिकार पद यात्रा के उद्देश्यों के संबंध मे मंच से अपनी बात रखी। मंच संचालन कार्य क्रम के अध्यक्ष मनीष साहू बंटी, वरिष्ठ पत्रकार अमर नौरिया, दीपक श्रीवास्तव, वारिज वाजपेयी एवं आभार प्रदर्शन पत्रकार दीपक कौरव ने किया।

## महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न



**करेली ।** आदर्श शिक्षण समिति द्वारा संचालित महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में आज मतदाता जागरूकता के अंतर्गत नवीन मतदाताओं को वोट के महत्व को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. ए. के. वाजपेयी एवं कला संकाय अध्यक्ष डॉ. गजानन मिश्र मतदाता जागरूकता नोडल अधिकारी डॉ तिलक सिंह राजपूत मौजूद रहे इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साधना मिश्रा बीएससी द्वतीय वर्ष, द्वतीय स्थान पवन चौधरी बीएससी द्वतीय वर्ष,तृतीय स्थान भूमिका जाटव बीएससी द्वतीय वर्ष ने प्राप्त किया ।

## मुख्य सड़क मार्गों पर चौपायों का आतंक



**तेंदूखेड़ा-** हर वर्ग के लिये मुसीबत बन चुके अवारा मवेशी मुख्य सड़क मार्गों पर सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करते हुये देखे सुने जा सकते है। जिनसे आये दिन घटनायें दुर्घटनायें भी देखने को मिल रहीं है। तेंदूखेड़ा के गाडरवारा सड़क मार्ग पर चैपायों का जमघट दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता हुआ देखा सुना जा सकता है। मुख्य सड़क मार्गो पर मवेशियों की जमाचोकड़ी और इनकी आपस की लड़ाई के चलते जहां आवागमन प्रभावित हुआ करता है वहीं आम वर्ग भी परेशान होता है। तत्काल प्रभाव से इनकी व्यवस्था कराये जाने की मांग की गई है।

## गेहूं काट रही महिला पर भालू ने किया हमला



**तेंदूखेड़ा-** वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समीपी ग्राम घुघरी सिंगोटा निवासी सीमा पति राजकुमार ठाकुर उम्र 28 वर्ष महिला रम्पुरा हार में एक गेंहू के खेत में फसल काट रही थी कि अचानक एक भालू ने पीछे से आकर महिला पर हमला कर दिया जिसमें महिला जख्मी हो गई।खेत में अन्य और लोगों ने जैसे ही महिला को चीख सुनते ही तत्काल भालू को भगाया ।और जख्मी महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। महिला गर्भवती भी है।जिसे लेकर डाक्टरों द्वारा उचित उपचार किया जा रहा है। रेबीज इंजेक्शन एवं आवश्यक दवाएं दी गई है। पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही बीट प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर अस्पताल पहुंचे। जिन्होंने वन्य प्राणियों से हमले को लेकर आवश्यक उपचार खर्च की जानकारी दी।फिलहाल महिला ठीक स्थिति में बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि भालू काफी छोटा था यदि बड़ा भालू होता तो गंभीर स्थिति बन सकती थी।